**E-mail**

**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

**संचिका सं0** : 03 / 04–भू0अ0नि0 (गया जी) आरोप–14 / 2024 3148 **पटना, दिनांकः–** 15/09/2026

## आदेश

बन्दोबस्त पदाधिकारी, गया जी के पत्रांक 1903 दिनांक 03.09.2025 द्वारा सुश्री कुमारी मीनु सिंह (AEN12592), विशेष सर्वेक्षण अमीन के विरूद्ध हड़ताल से वापस आने के बाद योगदान नहीं करने अर्थात् लगातार अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने का आरोप प्रतिवेदित करते हुए संविदा समाप्त करने की अनुशंसा की गयी है।

बन्दोबस्त पदाधिकारी से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में निदेशालय पत्रांक 7294 दिनांक 05.12.2025 द्वारा सुश्री सिंह से स्पष्टीकरण की मांग की गयी। निर्धारित अवधि तक स्पष्टीकरण प्रत्युत्तर अप्राप्त रहने की स्थिति में पुनः स्मारित किया गया है। स्मारित किये जाने के बावजूद लगभग 9 माह बाद भी स्पष्टीकरण प्रत्युत्तर अप्राप्त है।

इतनी लम्बी अवधि के पश्चात् इनका स्पष्टीकरण समर्पित नहीं करना, इनके कार्य करने के प्रति उदासीनता, मनमानेपन, अनुशासनहीनता व आदेश की अवहेलना को परिलक्षित करता है।

चूँकि विशेष सर्वेक्षण कार्य एक समयबद्ध कार्यक्रम है, जिसे निर्धारित समय–सीमा में पूर्ण किया जाना है। इनका इतनी लम्बी अवधि से अनुपस्थित रहने से इन्हें आवंटित कार्य बाधित हुआ है, जो स्वच्छ संविदा कर्मी के आचरण का सर्वथा प्रतिकूल है। इस परिप्रेक्ष्य में इनका संविदा समाप्त किया जाना समीचीन है।

अतः निदेशालय आदेश संख्या 685 दिनांक 17.03.2022 के कंडिका–7 के आलोक में "बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियामवली, 2019 यथा संशोधित नियमावली, 2022" की कंडिका–08 (4) के तहत सुश्री कुमारी मीनु सिंह (AEN12592), विशेष सर्वेक्षण अमीन बन्दोबस्त कार्यालय, गया जी का संविदा नियोजन अनुपस्थिति की तिथि से समाप्त किया जाता है।

Suharsh 14/09/26
**(सुहर्ष भगत)**
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03 / 04–भू0अ0नि0 (गया जी) आरोप–14 / 2024 3148 **पटना, दिनांक** 15/09/2026
**प्रतिलिपि** : सुश्री कुमारी मीनु सिंह (AEN12592), विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, गया जी को सूचनार्थ प्रेषित।

Suharsh 14/09/26
**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03 / 04–भू0अ0नि0 (गया जी) आरोप–14 / 2024 3148 **पटना, दिनांक** 15/09/2026
**प्रतिलिपि** : बन्दोबस्त पदाधिकारी, बन्दोबस्त कार्यालय, गया जी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Suharsh 14/09/26
**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

D:\ANUSHKA 2026\Amit sir\Order\14-2024 31-08-2026 (Gaya ji-1).doc

**ज्ञापांक** : 03/04–भू0अ0नि0 (गया जी) आरोप–14/2024 ....3148....**पटना, दिनांक** :15/09/2026

**प्रतिलिपि** : श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेश है कि इसकी स्कैन कॉपी R2R सॉफ्टवेयर के अन्तर्गत संबंधित कर्मी की व्यक्तिगत संचिका में संधारित करना सुनिश्चित करें।

Sd/- 14/09/26

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

D:\ANUSHKA 2026\Amit sir\Order\14-2024 31-08-2026 (Gaya ji-1).doc